भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. - 344***

24 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष अवसंरचना के सुधार के उपाय**

*344. श्री राजन बाबूराव विचारे:
श्री अरुण साव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में आयुष सेवाओं सम्बन्धी अवसंरचना और उन सेवाओं की सुलभता के सम्बन्ध में सुधार लाने के लिए कोई उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान आयुष प्रणाली और दवाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संस्वीकृत, आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 24 मार्च, 2023 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 344* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में अवसंरचना में सुधार और आयुष् सेवाओं तक बेहतर पहुंच की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। तथापि, भारत सरकार महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से अवसंरचना में सुधार और आयुष सेवाओं तक बेहतर पहुंच सहित आयुष चिकित्सा पद्धतियों के समग्र विकास के लिए भी राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सहित देश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों और औषधियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित के लिए प्रावधान करता है:

i. आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र (एएचडब्ल्यूसी)
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन
iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास पर) के लिए भवन का निर्माण/ नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण
v. 50/30/10 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी दवाइयों की आपूर्ति
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. आयुष स्नातक-पूर्व संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास
ix. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है

एनएएम के तहत, गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय हिस्से के रूप में संस्वीकृत/जारी की गई निधियों और उनके द्वारा सूचित व्यय की स्थिति **संलग्नक** पर है।

*****

संलग्नक

**पिछले तीन वर्षों 2019-20 से 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत केंद्रीय हिस्से के रूप में जारी राशि और राज्य /संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा सूचित व्यय की स्थिति**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी केंद्रीय हिस्सा | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय | जारी केंद्रीय हिस्सा | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय | जारी केंद्रीय हिस्सा | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय |
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप | 365.418 | 365.418 | 251.808 | 245.2765 | 296.0605 | 291.0605 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1900.594 | 23.517 | 385.402 | 7.961 | 0 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 383.330 | 368.715 | 678.090 | 419.503 | 180.8500 | 0 |
| 4 | असम | 1601.322 | 960.189 | 347.150 | 228.62 | 639.5200 | 366.02 |
| 5 | बिहार | 2661.298 | 85.874 | 516.535 | 32.36 | 1686.0770 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.000 | 0 | 195.808 | 70.39 | 94.8640 | 0 |
| **7** | **छत्तीसगढ़** | **0** | **0** | **2691.066** | **1101.53** | **841.3090** | **231.79** |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 63.854 | 33.455 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 118.651 | 110.136 | 65.988 | 38.277 | 218.9880 | 0 |
| 11 | गुजरात | 2229.691 | 1,779.160 | 244.011 | 189.0900 | 466.9260 | 111.3600 |
| 12 | हरियाणा | 2299.475 | 2291.41 | 3034.422 | 2976.972 | 647.7020 | 552.634 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2045.892 | 1548.203 | 494.940 | 400.223 | 1261.800 | 531 |
| 14 | जम्मू कश्मीर | 1848.539 | 1747.227 | 2285.751 | 2143.1998 | 1313.105 | 1143.3548 |
| 15 | झारखंड | 1522.312 | 1390.913 | 0.000 | 0 | 1309.765 | 1059.758 |
| **16** | **कर्नाटक** | **1791.709** | **1639.941** | **2184.371** | **1894.431** | **1821.460** | **1283.262** |
| 17 | केरल | 1540.535 | 1451.5777 | 2337.588 | 2246.445 | 1153.388 | 1153.388 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 187.4500 | 25.12 |
| 19 | लक्षद्वीप | 426.878 | 415.086 | 19.605 | 18.009 | 64.2570 | 45.216 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 4012.347 | 3745.04 | 5608.633 | 5142.49 | 3123.1980 | 2575.189 |
| **21** | **महाराष्ट्र** | **4308.643** | **2429.468** | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | मणिपुर | 907.075 | 645.165 | 571.720 | 274.706 | 170.0400 | 48.826 |
| 23 | मिजोरम | 199.51 | 199.51 | 657.730 | 606.171 | 259.0800 | 227.67 |
| 24 | मेघालय | 348.21 | 312.942 | 247.970 | 79.194 | 609.7800 | 333.341 |
| 25 | नगालैंड | 950.58 | 950.58 | 1254.890 | 811.3975 | 232.2700 | 151.746 |
| 26 | ओडिशा | 726.096 | 352.8 | 716.640 | 468.85 | 1075.380 | 476.88 |
| 27 | पुदुचेरी | 238.416 | 212.067 | 47.667 | 46.613 | 200.2730 | 188.96 |
| 28 | पंजाब | 1155.493 | 14.103 | 89.770 | 0 | 527.2800 | 0 |
| 29 | राजस्थान | 1987.595 | 1228.62 | 2276.400 | 1246.388 | 3189.0000 | 45.504 |
| 30 | सिक्किम | 330.593 | 330.593 | 350.440 | 350.44 | 99.3000 | 99.3 |
| 31 | तमिलनाडु | 1993.913 | 1993.913 | 616.580 | 484.211 | 2348.2680 | 1822.242 |
| 32 | तेलंगाना | 934.178 | 687.121 | 0.000 | 0 | 3132.2520 | 2530.512 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 270.080 | 133.74 | 138.7100 | 138.71 |
| **34** | **उत्तर प्रदेश** | **7923.69** | **7688.082** | **10373.858** | **9649.9671** | **13809.7240** | **11764.91** |
| 35 | उत्तराखंड | 825.34 | 721.827 | 656.458 | 508.66 | 2622.5040 | 1417.99 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 1849.740 | 1236.832 | 247.346 | 56.294 | 2118.0450 | 1855.057 |
| | **कुल** | **49490.917** | **36959.485** | **39718.716** | **31871.409** | **45838.626** | **30470.802** |